# प्रेस नोट थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर दिनांक 21.03.2026

## फारेक्स ट्रेडिंग व आनलाइन गेमिंग में रुपया इन्वेस्ट करने पर अधिक लाभ मिलने का झांसा देकर आपराधिक षड़यंत्र करते हुए अविनियमित निक्षेप स्कीमें चलाकर लोगों का रुपया हड़पने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, स0पु0अ0/क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष रामगढ़ताल के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 आशुतोष कुमार राय मय टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.अजीत यादव पुत्र पतिराम यादव निवासी लखनडीह थाना जहांगीरगंज जिला अम्बेडकर नगर 2.पारतेश सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी छोटकी सेढिया बांसडीह जिला बलिया, हालपता म0ना0 सी-130/180 जेल रोड थाना शाहपुर जिला गोरखपुर 3.गणेश साहनी पुत्र मोहित साहनी निवासी सेन्दुआ थाना अहिरौली बाजार जिला कुशीनगर 4.अजय कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी आलम चक, थाना बृजमनगंज, जिला महराजगंज के कब्जे से 10 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद बैग, 02 फोटोग्राफ, अवैध आधार कार्ड की छायाप्रति व अन्य कागजात बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0164/2026 धारा 318(4),111(2)(ख),61(2) बी0एन0एस0 व धारा 3/21(2) अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटना का विवरण/पूछताछ -</u>**

दिनांक 20.03.2026 को मुखबीर द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि कुछ लोग होटल सन साइन ग्रैंड थाना रामगढ़ताल में फॉरेक्स ट्रेडिंग व आनलाइन गेमिंग में रुपया इन्वेस्ट करने के नाम पर अधिक लाभ मिलने की बात बताकर लोगों को धोखे में रखकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए स्वयं तथा अपने सहयोगियों के साथ आपराधिक षड़यंत्र करते हुए अविनियमित निक्षेप स्कीमें चलाकर लोगो का रुपया हड़प रहा था, वह व्यक्ति कई सैकड़ों लोगों का रुपया ले भी चुका है तथा वर्तमान में कुछ लोगों को झांसा देकर बुलाया भी है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय की टीम द्वारा मौके पर पंहुचकर अभियुक्तगण 1.अजीत यादव, 2.पारतेश सिंह, 3.गणेश साहनी, 4.अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

1.अजीत यादव पुत्र पतिराम यादव निवासी लखनडीह थाना जहांगीरगंज जिला अम्बेडकर नगर
2.पारतेश सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी छोटकी सेढिया बांसडीह जिला बलिया, हालपता म0ना0 सी-130/180 जेल रोड थाना शाहपुर जिला गोरखपुर
3.गणेश साहनी पुत्र मोहित साहनी निवासी सेन्दुआ थाना अहिरौली बाजार जिला कुशीनगर
4.अजय कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी आलम चक, थाना बृजमनगंज, जिला महराजगंज

**<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण-</u>**

मु0अ0सं0 0164/2026 धारा 318(4),111(2)(ख),61(2) बी0एन0एस0 व धारा 3/21(2) अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019

**<u>अभियुक्त पारतेश सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

मु0अ0सं0 12/25 धारा 318(4) बीएनएस थाना साइबर पुलिस स्टेशन सेन्ट्रल दिल्ली

**<u>बरामदगी-</u>**

10 अदद मोबाइल फोन अपराध से सम्बन्धित, 01 अदद बैग, 02 अदद फोटोग्राफ, 02 अदद बिल होटल मैरियस इन मय लिफाफा, अवैध आधार कार्ड की छायाप्रति

**<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>**

1. उ0नि0 आशुतोष कुमार राय चौकी प्रभारी आजाद चौक थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 उपेन्द्र निर्मल थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
3. हे0का0 हृदेश कुमार सिंह थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
4. हे0का0 शशिकान्त जायसवाल साइबर सेल जनपद गोरखपुर
5. का0 पंकज गुप्ता साइबर सेल जनपद गोरखपुर
6. का0 बृजेश चौहान थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर